सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा 7 **हिन्दी पाठ्यपुस्तक** **पाठ 15**

मौखिक

1. प्रश्नों के उत्तर बताइए-

(क) बहादुरशाह की सेना से मेवाड़ की रक्षा के लिए रानी कर्णावती को मदद की आवश्यकता पड़ी।

(ख) बहादुरशाह से मेवाड़ की हिफाजत करने के लिए रानी कर्णावती ने हुमायूँ को राखी भेजी।

(ग) हुमायूँ ने दूत से कहा कि वह बहन कर्णावती से कहे कि हुमायूँ उनकी माँ के पेट से पैदा नहीं हुआ तो क्या हुआ, वह उनके सगे भाई से बढ़कर है। कह देना, मेवाड़ की इज्ज़त हमारी इज्ज़त है।

(घ) बहन का रिश्ता निभाने के लिए हुमायूँ ने कर्णावती की राखी स्वीकार कर ली। साथ ही मेवाड़ की हिफाज़त के लिए अपनी सेना भेज दी।

(ङ) इतिहास इस बात का गवाह है कि राखी के धागों ने हजारों कुरबानियाँ कराई हैं।

लिखित

2. प्रश्नों के उत्तर बताइए-

(क) वीरता से लड़ने के बावजूद भी राजपूतों की हार निश्चित थी क्योंकि राजपूतों की संख्या बहुत कम थी। शत्रुओं का तोपखाना आग उगल रहा था। उनके सामने तलवारों से मुकाबला नहीं हो सकता था।

(ख) रानी कर्णावती को दुख था कि क्षत्रियों ने आपस की शत्रुता की आग से, अपने ही हाथों, अपना सब कुछ स्वाहा का लिया।

(ग) बाघसिंह ने कर्णावती को इस बात का स्मरण करवाया कि हुमायूँ पुराना वैर नहीं भूलेगा। सीकरी के युद्ध के ज़ख्मों के निशान आसानी से नहीं मिट सकते।

(घ) जवाहरी बाई को समझाते हुए रानी कर्णावती ने कहा अब भारत हुमायूँ की भी जन्मभूमि हो चुकी है। उन्हें यहाँ रहना और हमें उन्हें रखना पड़ेगा। हम आपस में भाई-बहन का संबंध रखें यही उचित है।

(ङ) कर्णावती का पत्र पढ़कर हुमायूँ विचारमग्न हो गया। उसने निश्चय किया कि वह कर्णावती की मदद करेगा। उसने मेवाड़ की इज्जत अपनी इज्जत मान ली। उसने दूत से कहा कि वह कर्णावती से जाकर कह दे कि हुमायूँ उसके सगे भाई से बढ़कर है। हुमायूँ ने तातार खाँ को आज्ञा दी कि वह फ़ौज तैयार करें। उसे इसी समय कूच करना है।

(च) महारानी कर्णावती की राखी से हुमायूँ की उदारता का पता चलता है। कर्णावती के पति हुमायूँ और उसके पिता के कट्टर दुश्मन थे। उन्होंने कसम खाई थी कि वे मुगलों को हिंदुस्तान से बाहर खेदेड़े बगैर चित्तौड़ में कदम नहीं रखेंगे। इन सबको भुलाकर हुमायूँ ने रानी कर्णावती की मदद के लिए अपनी सेना भेज दी।

3. किसने किससे कहा-

(क) बाघ सिंह ने रानी कर्णावती से कहा

(ख) रानी कर्णावती ने बाघसिंह से कहा

(ग) रानी कर्णावती ने जवाहरी बाई से कहा

(घ) जवाहरी बाई ने रानी कर्णावती से कहा

(ङ) हुमायूँ ने तातार खाँ से कहा

4. पाठांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) जादू का पिटारा रानी कर्णावती ने भेजा था।

(ख) जादू के पिटारे में राखी थी।

(ग) हमायूँ ने बहन कर्णावती को संदेश दिया कि हुमायूँ उनकी माँ के पेट से पैदा नहीं हुआ तो क्या हुआ, वह उनके सगे भाई से बढ़कर है।

(घ) मेवाड़ पर संकट के बादल छाए थे क्योंकि बहादुरशाह ने मेवाड़ पर आक्रमण कर दिया था।

(ङ) स्त्रीलिंग रूप लिखिए भाई- बहन, माँ -पिता / बाप

5. सही विकल्प चुनकर (√) का चिह्न बनाइए-

(क) राजपूतों की संख्या कम होना

(ख) हिंदूबेग और तातार खाँ के लिए

(ग) बिहार में गंगा तट पर